हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, गुरुवार, 27 नवंबर, 2025



12 संविधान में कोई छोटा-बड़ा नहीं, राष्ट्र ध्वज का सम्मान कर्तव्य...





12 सांसद खेल महोत्सव खिलाड़ियों को दे रहा प्रतिभा दिखाने का अवसर: गंगवा




## खबर संक्षेप

### सरकारी अस्पतालों में आज दो घंटे ओपीडी रहेगी बंद

**सिरसा।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन जिला सिरसा इकाई के सहसचिव डॉ. विपुल गुप्ता ने बताया कि प्रदेश मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर जिला के सभी सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक आगामी बुधवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक ओपीडी सेवाएं बंद रखते हुए पेन-डाउन हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि बताया कि आपातकालीन, प्रसव कक्ष और ऑपरेशन को छोड़कर सभी ओपीडी सेवाएं दो घंटे स्थगित रहेंगी।

### 1.200 किलो गांजा सहित युवक काबू

**फतेहाबाद।** थाना सदर रतिया पुलिस ने 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति लाली रोड क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार करता है। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना : आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना और अन्य पिछड़ा वर्ग विमुक्त जनजाति के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना यानि पीएम यशस्वी घटक द्वितीय, के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के छात्रों से एनएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी, 2026 निर्धारित की गई है।

### रुपये कमाने का लालच देकर 18.38 लाख ठगे

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने टोहाना के एक व्यक्ति को टेलीग्राम पर रुपये कमाने का लालच देकर उससे लाखों रुपये हड़प लिए। पीड़ित को जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने इस बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में अब साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है।

### युवक 7 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**रानियां।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त के दौरान रानियां के वार्ड नंबर 9 सुल्तानपुरिया रोड से एक युवक को हजारों रुपए की हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी इंस्पेक्टर शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गांव सुल्तानपुरिया के समीप गश्त पर थी। इस दौरान एक युवक नजर आया जो पुलिस टीम को देखकर वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने काबू कर उतलाशी ली तो उसके कब्जे से 7 ग्राम 9 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

## जिलेभर में प्रतिदिन करीब 1 करोड़ 104.54 लाख यूनिट बिजली खर्च हो रही

# ठंड में सुबह 5 से 8 बजे तक बिजली की खपत 10% बढ़ी, लाइन लोस ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- निगम ने 22 टीमों का गठन किया

ठंड की दस्तक के साथ बिजली खपत बढ़ गई है। खपत का टाइमिंग भी अलग है। बिजली निगम के रिकॉर्ड में अल सुबह करीब 5 से 8 बजे के बीच तीन घंटे में डेढ़ लाख यूनिट बिजली जिलेभर में अतिरिक्त खर्च होने लगी है। इस समय लाइन लोस भी बढ़ा है और डायरेक्ट बिजली चोरी की संभावना बढ़ी है। इस समय की बढ़ी खपत और लाइन लोस ने बिजली निगम को अलर्ट कर दिया है। बिजली चोरी रोकने लिए नगया है, प्रत्येक सब डिवीजन पर टीम बनाई गई है। अब लगातार छापामार कार्रवाई होगी।

बिजली चोरी रोकने के लिए अलसुबह चार बजे से छापेमारी का शेड्यूल तैयार किया गया है, जबकि कुछ टीमें अलग-अलग समय पर भी जांच करेंगी, ताकि किसी भी समय होने वाली चोरी को पकड़ा जा सके। इन दिनों निगम द्वारा जिलेभर में प्रतिदिन करीब एक करोड़ 104.54 लाख यूनिट बिजली खर्च हो रही है। शाम से लेकर रात 10 बजे तक खर्च होने वाली बिजली अलग और सुबह भौर में खर्च होने का आंकड़ा अलग है। बिजली निगम के अधिकारी की मानें तो घरेलू बिजली सप्लाई में अचानक वृद्धि होने का कारण बिजली चोरी हो सकता है। निगम के आंकड़े में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में आपूर्ति की गई बिजली की खपत पांच दिनों का आंकड़ा निकाला गया है, जिसका मिलान अब की तारीखों से किया गया है। खास बात यह है कि कई स्थानों पर बिलिंग चल रही है, जिसमें आने वाली रीडिंग कम है और गली में लगे ट्रांसफार्मर की रीडिंग अधिक है, जिससे यह चोरी का अंदेशा और भी प्रबल हो रहा है।

बिजली घर में लगे बड़े ट्रांसफार्मर व मशीनरी।





### चल रहे हीटर, नहाने के लिए रॉड का प्रयोग

प्रथम दृष्टया जांच में आया है कि लोग अल सुबह कुछ समय के लिए गलत तरीके से हीटर भी चलाना शुरू कर दिए हैं। नहाने के लिए इलेक्ट्रिक राड का प्रयोग किया जा रहा है। इसके लिए डायरेक्ट कुंडी कनेक्शन का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में पशुओं के लिए लोगों ने वार्मर और हीटर नियमित रूप से चलाना शुरू कर दिया है, जिसका असर अल सुबह के घंटे में दिखना शुरू हो गया है।

### पिछले साल पहले 150 चोरियां पकड़ी गई थी

बिजली निगम द्वारा वर्ष-2024 में टीम गठित कर छापामार कार्रवाई की गई थी। पूरे साल में सात बार कार्रवाई की गई थी, जिसमें तीन बार फतेहाबाद की टीमों ने छापा मारा था। जबकि चार बार की कार्रवाई स्थानीय स्तर पर एक्सईन की देखरेख में किया गया था। टीमों ने इस अभियान में 1750 लोगों को रंगे हाथ बिजली चोरी करते हुए पकड़ा था, जिन पर करीब एक करोड़ 70 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था।

### चोरी किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी

बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि बिजली जितनी भी चाहिए लोगों को प्रदान की जा रही है, लेकिन लोगों को वैध तरीके से बिजली खर्च करना होगा। चोरी किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इनपुट मिल रहा है कि कुछ विशेष समय में चोरी की जा रही है। जल्द ही टीमों को छापामार कार्रवाई के लिए तैयार किया जा रहा है।



फतेहाबाद। डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करते किसान, मजदूर व कर्मचारी।

## किसानों, मजदूरों ने किया आक्रोश प्रदर्शन

# दुर्दशा के लिए सरकारी नीतियां जिम्मेदार : बहबलपुरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार जनता की रोजी-रोटी, शिक्षा स्वास्थ्य, खेती और रोजगार पर हमला कर रही है। श्रम कानूनों को खत्म करने और लेबर कोड लागू करके मजदूरों के हितों पर कुठाराघात किया है, इसलिए हमें अपने संवैधानिक अधिकारों को बचाने के लिए व्यापक आंदोलन का निर्माण करना पड़ेगा। यह बात किसान-मजदूर नेता रामकुमार बहबलपुरिया ने डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान कही। किसान सभा, खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन, सीआईटीयू, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, सर्व कर्मचारी संघ से जुड़े हुए हजारों किसान, मजदूर, कर्मचारी, परियोजना वर्करों, सफाई कर्मचारियों, मनरेगा मजदूरों, निर्माण मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगतार सिंह, ओमप्रकाश अनेजा, विष्णु दत्त शर्मा, प्यारा राम म्योंद, कृष्ण कुमार जाखड़ ने संयुक्त रूप से की तथा संचालन रामकुमार बहबलपुरिया ने किया। प्रदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम 21 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया और फतेहाबाद जिले से संबंधित अलग से मांग पत्र उपायुक्त के नाम सौंपा गया।



फतेहाबाद। डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते हुए।

## पुलिस ने 6 लोगों पर किया मुकदमा दर्ज

# टोहाना में अम्बेडकर चौक स्थित सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

अम्बेडकर चौक स्थित सार्वजनिक भूमि को अवैध रूप से हड़पने के प्रयास के गंभीर मामले में नगर परिषद टोहाना की शिकायत पर थाना शहर टोहाना पुलिस द्वारा 6 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह भूमि लंबे समय से पुराने बस अड्डे एवं पब्लिक शौचालय के रूप में उपयोग की जाती रही है, जिसे कुछ व्यक्तियों द्वारा फर्जी दस्तावेजों के सहारे निजी संपत्ति बताने की कोशिश की जा रही थी। नगर परिषद टोहाना के कार्यकारी अधिकारी पंकज ढाण्डा द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया गया कि रजनी, पारुल, राहुल सभी निवासी वार्ड 18 टोहाना, रणबीर निवासी जमालपुर शेखा, रामनारायण निवासी प्रेम नगर, नरवाना तथा सुनील खोबड़ा निवासी टोहाना ने ऑनलाइन सिस्टम का दुरुपयोग करते हुए सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने की साजिश रची।





### जांच में खुलासे

इस मामले में प्रारंभिक जांच में अनेक चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) टोहाना द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में कई महत्वपूर्ण तथ्य उजागर हुए, जिनसे शिकायत के आरोपों को मजबूती मिली है। वसीका नंबर 2262 दिनांक 13.09.2024 और वसीका नंबर 2802 दिनांक 25.10.2024 में जिन प्रॉपर्टी आईडी व स्थानों का उल्लेख है, उनकी वास्तविक स्थिति मौके से मेल नहीं खाती। विक्रेता और खरीददार पक्ष ने अलग-अलग स्थानों की प्रॉपर्टी को अम्बेडकर चौक की भूमि से जोडकर प्रस्तुत करने का प्रयास किया।

## प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, पीड़ित निवेशकों को राहत की उम्मीद

# 60 करोड़ चिटफंड घोटाला: मुख्य आरोपी की करोड़ों की संपत्तियां अटैच करने की प्रक्रिया शुरू

- करीबन 30 से अधिक लोगों के रूपए इस चिटफंड में केस में फंसे हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

क्षेत्र में हुए 60 करोड़ के चिटफंड घोटाले के मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए घोटाले के मुख्य आरोपी कर्मबीर पुनिया सहित उसके परिवार के सदस्यों की करोड़ों रुपए की चल-अचल संपत्तियों को अटैच किया जा रहा है, जिससे पीड़ित पक्ष में खुशी का माहौल है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पीड़ित पक्ष के वकील अंकित भालोठिया ने बताया कि दो अधिवक्ताओं सहित करीबन 30 से अधिक लोगों के रूपए इस चिटफंड में केस में फंसे हुए हैं। इस पर उन्होंने हाईकोर्ट, सेशन कोर्ट और टोहाना कोर्ट में केस की मजबूत पैरवी की। इस मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। लंबी जांच के बाद अब मुख्य आरोपी कर्मबीर पुनिया और उसके परिवार के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पीड़ित मन्नू सिंगला ने बताया कि लंबे समय से इस केस में वे सभी न्याय का इंतजार कर रहे थे। अब प्रशासन ने घोटाले से अर्जित अवैध कमाई का पता लगाते हुए उनकी करोड़ों की चल-अचल संपत्तियों को अटैच करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पीड़ितों का पैसा वापस दिलाने और आरोपियों पर आर्थिक दबाव बनाने के लिए यह कार्रवाई बेहद जरूरी थी।



टोहाना। पत्रकारों से बातचीत करते पीड़ित पक्ष के लोग।

### 2023 में दर्ज हुआ था केस

मन्नू ने बताया कि कर्मबीर पुनिया ने पुनिया स्टील फर्नीचर फर्म, पुनिया लाटरी एवं कमेटी स्कीम के नाम पर आम लोगों को अधिक ब्याज और मोटे लाभ का लालच देकर करीब 60 करोड़ रुपये की जमा राशि एकत्रित की। कई वर्षों तक लोगों से बड़ी रकम जमा करवाई जाती रही, लेकिन जब निवेशकों ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करते रहे और बाद में कार्यालय बंद कर फरार हो गए। इस मामले में मार्च 2023 में केस दर्ज हुआ था, जिसमें 4 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## होर्डिंग पर वोट चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे भी लिखे गए

# सरकारी बैनर पर कालिख पोतने के मामले में पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सैनी और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के होर्डिंग पर ब्लैक मार्किंग की गई

लघु सचिवालय के बाहर लगे सरकारी बैनर में भाजपा नेताओं के चेहरों पर कालिख पोतने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इस बारे जिला समाज कल्याण अधिकारी परमजीत कौर द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर बैनर पर कालिख पोतले और उस पर 'वोट चोर गद्दी छोड़' नारा लिखने का आरोप लगा है। इसके साथ ही युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय ठरवा को पूछताछ के लिए पुलिस ने तलब किया है। पुलिस को दी शिकायत में जिला समाज कल्याण अधिकारी परमजीत कौर ने कहा कि सरकारी संपत्ति को कुछ असामाजिक तत्वों ने खराब करने की कोशिश की है। पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सैनी और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के होर्डिंग पर ब्लैक मार्किंग की गई है, इसलिए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। बता दें कि 20 नवंबर को लघु सचिवालय के बाहर लगे होर्डिंग पर कुछ युवकों ने कालिख पोत दी गई थी। साथ ही होर्डिंग पर वोट चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे भी लिखे गए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।





फतेहाबाद। सरकारी बैनर पर पोती गई कालिख।

### पुलिस की जांच जारी

हालांकि इस मामले में बीजेपी जिलाध्यक्ष ने कहा था कि जिस जगह बैनर लगा है, वह सरकारी प्रोप्टी है। इस मामले में 21 नवंबर को बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने एसपी सिद्धांत जैन से बात कर मामले में एफआईआर दर्ज करने को कहा था। अब मामले के तीन दिन बाद डीएसडब्ल्यूओ की शिकायत पर केस दर्ज हुआ है। इस संबंध में पुलिस प्रवक्ता विनोद कुमार ने बताया कि डीएसडब्ल्यूओ की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आगामी जांच जारी है। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संजय ठरवा ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज किया है। मेरे पास फोन आया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया है।

### दुकान से महिलाएं 300 सूट चुराकर हुई लापता

**सिरसा।** रामनगरिया वार्ड नंबर 26 स्थित शीतला गारमेंट्स में हुई चोरी का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। वीडियो में करीब आठ महिलाएं चोरी करते दिख रही है, जिनमें हाथों में प्लास्टिक के गट्टे हैं और सभी ने दुपट्टे या गर्म शॉल से शरीर व चेहरे को ढका हुआ है। दुकान से 300 से ज्यादा सूट चोरी कर उनकी गठड़ी बांधकर कंधे पर उठाकर लेकर जाते दिख रही है।

पुलिस को दी शिकायत में दुकानदार पिंकी ने बताया कि कि सभी महिलाएं इतनी शातिर थी कि चोरी करते समय दुकान का पूरा शटर नहीं खोला। दुकान का शटर आधा खोलकर एक महिला अंदर जाती है और दुकान से एक-एक सूट बाहर पकड़ाती है। बाहरी टेबल पर बैठी महिलाएं उनको गठड़ी में रखती है।

## ऑपरेशन 'ट्रैकडाउन : अब तक 67 गिरफ्तार

# एक ही दिन में 5 कुख्यात आरोपी भेजे सलाखों के पीछे

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' के तहत फतेहाबाद पुलिस ने एक ही दिन में 5 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अब तक ऑपरेशन ट्रैकडाउन के दौरान हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, स्नैचिंग, अवैध हथियार रखने, संगठित अपराध सहित कई गंभीर धाराओं में शामिल कुल 67 आरोपियों को पुलिस सलाखों के पीछे भेज चुकी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से उन अपराधियों के विरुद्ध चलाया जा रहा है।

### कार्रवाई की गई

शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए मारपीट के मामले में वांछित आरोपी महक पुत्र सतपाल, निवासी टोहाना को गिरफ्तार किया। यह आरोपी 20 अक्टूबर की रात चंडीगढ़ रोड स्थित एक शराब ठेके पर कारिंदे से मारपीट करने व जान से मारने के प्रयास के मामले में फरार चल रहा था। भट्टूकलां पुलिस ने अवैध हथियार व संगठित अपराध के आरोपी बलराज पुत्र हेमराज निवासी प्रताप नगर, भट्टूकलां को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। सदर रतिया पुलिस की दो बड़ी गिरफ्तारियां की है।

## 10 किलो 200 ग्राम नशा बरामद

# सीआईए रतिया ने चूरा पोस्त सहित तस्कर को किया काबू

**फतेहाबाद।** ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत सीआईए रतिया टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ सफलता अर्जित करते हुए 10 किलो 200 ग्राम चूरा पोस्त बरामद कर एक आरोपी को काबू किया है। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल सिंह ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में चूरा पोस्त लेकर गांव सनियाना क्षेत्र में सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत रणनीति बनाकर संदिग्ध स्थान पर नाका लगाया। थोड़ी देर बाद वहां पहुंचे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई, जिसकी पहचान गुलाब सिंह पुत्र गोबिंद राम, निवासी अरनो, जिला पटियाला, पंजाब के रूप में हुई।



चूरापोस्त सहित गिरफ्तार तस्कर।

संवाद

## रात्रि ठहराव कार्यक्रम में आई शिकायतों में अधिकांश का किया निपटारा

ग्रामीणों की ओर से 37 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई

# प्रशासन का लक्ष्य ग्रामीणों को मिले योजनाओं का लाभ उनके द्वार: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला प्रशासन द्वारा कालांवाली उपमंडल के गांव ख्योवाली में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत और डबवाली पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। प्रशासनिक अधिकारियों के गांव पहुंचने पर सरपंच सिद्धांत गोदारा, हनुमान गोदारा सहित गणमान्य व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत पौधारोपण के साथ की गई। इस कार्यक्रम में 37 से अधिक शिकायतें ग्रामीणों की ओर से रखी गई, ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया गया। गांव ख्योवाली व आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों ने गांव में नशा, आवारा कुत्ते, जंगली सुअर, बिजली-पानी, परिवार पहचान पत्र, प्लॉट देने से संबंधित शिकायतें रखी।



सिरसा। रात्रि ठहराव के दौरान लोगों की शिकायतें सुनते एडीसी।

### समस्याओं का मौके पर हो निपटानः सहरावत

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि ग्रामीणों को सुविधाएं उनके द्वार पर ही मिलें और समस्याओं का निपटान मौके पर हो सके। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान प्राप्त सभी शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुनकर विभागीय अधिकारियों को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### छात्राओं के लिए स्कूल बस के प्रबंध के दिए निर्देश

ग्रामीणों ने समस्या रखी की कि छात्राओं को पढने के लिए दूसरे गांव में जाना पड़ता है और बस सुविधा न होने के कारण उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। अतिरिक्त उपायुक्त ने जीएम रोडवेज को निर्देश दिए कि छात्राओं के लिए स्कूल समय के अनुसार बस सुविधा उपलब्ध करवाई जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### स्टॉल लगा दी विभागीय योजनाओं की जानकारी

कार्यक्रम में बिजली निगम, क्रिड, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, जिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, बागवानी विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आयुष विभाग, वन विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर अपने अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना पोर्टल पर ऑन-बोर्ड

**हिसार।** सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अनुसूचित जाति तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना ओबीसी, ईबीसी एवं डीएनटी श्रेणियों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑन-बोर्ड कर लिया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि अब राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थान तथा योग्य विद्यार्थी इन योजनाओं के तहत अपना पंजीकरण कर सकेंगे। छात्रवृत्ति आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन रहेगी।

### ऑटो मार्केट से हटाया गया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को अभियान की शुरुआत राजगुरु मार्केट और पूजा मार्केट से अतिक्रमण हटाकर की गई। इस दौरान पशु पकड़ो दस्ता और पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही। तहबाजारी इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा के अनुसार निर्धारित समय पर टीम ने ऑटो मार्केट में कार्रवाई शुरू की, जहां सड़कों और पार्किंग स्थलों पर किए गए कई अतिक्रमण हटाए गए।

### मॉडल टाउन क्षेत्र से आवारा कुत्तों को पकड़ा

**हिसार।** आवारा कुत्तों से परेशान मॉडल टाउन क्षेत्र के निवासियों की शिकायत पर बुधवार को नगर निगम द्वारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। निगम टीम ने इस दौरान मॉडल टाउन मार्केट, लाइब्रेरी, सेठी पार्क, पाठक पार्क के आसपास के क्षेत्र से 17 कुत्तों को पकड़ा गया। प्रशासन इसकी नसबंदी कराएगा।

### एसपी ने मसूदपुर गांव के लोगों से किया संवाद

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बुधवार को पुलिस-पब्लिक संवाद कार्यक्रम के तहत मसूदपुर गांव का दौरा कर ग्रामीणों, खिलाड़ियों से मुलाकात की। पुलिस अधीक्षक ने सरपंच व ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों तक उन्हें पहुंचाने व पुलिस से जुड़ी शिकायतों के तत्काल समाधान का आश्वासन दिया।

### स्वच्छता के नियम तोड़ने पर निगम ने किए चालान

**हिसार।** स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को निरीक्षण के दौरान सीटीएल प्रदीप जाखड, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू ने कैम्प चौक व पुरानी सब्जी मण्डी चौक के क्षेत्र में तीन दुकानदार के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने व 2 दुकानदारों के द्वारा डस्टबिन प्रयोग न करने पर उनके चालान किए गए।

### गुजवि के तीन विद्यार्थियों को मिली प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से क्रिनोवेशन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (सीटीपीएल) के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एमटेक सीएसई के दो व एमबीए प्रोग्राम के एक विद्यार्थी को प्लेसमेंट मिली है। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डा. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि एमटेक सीएसई से मधु चौहान व प्रतीक को 5.4 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज के साथ व एमबीए जनरल की सानिया को 4.2 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज के साथ चयनित किया गया है।

### हिसार की बेटियों ने जीते अनेक मेडल

**हिसार।** इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में बुटाना (सोनीपत) में सम्पन्न हुई अस्मिता लीग रग्बी में हिसार की बेटियों ने अपने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अलग अलग आयु वर्ग में मेडल जीते। सीनियर वर्ग में कैप्टन ज्योति ओर सरिती की अगुवाई में हिसार की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। उम्र 18 वर्ष लड़कियों में कैप्टन संध्या और मीतू की टीम ने पहला स्थान ओर इसी ग्रुप में इंदु ओर रिया की कप्तानी में एसडी स्पोर्ट्स स्कूल (ढाणा) ने दूसरा, अंडर-15 में ममता, इशिका एसडी स्पोर्ट्स स्कूल ढाणा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

---

### ऐतिहासिक दिवस पर जिलेभर में हुए कार्यक्रम, डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

# श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया संविधान दिवस, सभी ने प्रस्तावना का किया वाचन

**सरकार का ढांचा बनाता है संविधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत के संविधान को अंगीकृत किए जाने के ऐतिहासिक दिवस 26 नवम्बर के अवसर पर जिला बार एसोसिएशन हिसार ने बुधवार को बार परिसर में संविधान दिवस श्रद्धा, सम्मान और गरिमा के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका मलिक द्वारा बार लाइब्रेरी में स्थापित संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई जिसके बाद संविधान की प्रति को सभी न्यायिक अधिकारियों और वकीलों द्वारा सामूहिक सम्मान दिया गया और प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन हिसार के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा, सचिव एडवोकेट समीर भाटिया, उप प्रधान एडवोकेट विकास पूनिया, सह सचिव एडवोकेट सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुनील सहदेव सोनी आदि उपस्थित रहे।



**हिसार।** ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन फोर जस्टिस की लॉ एंड प्रोटेक्शन पुस्तक का विमोचन करते कृष्ण कुमार काजल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### संविधान भारत का सर्वोच्च कानून : काजल

**हिसार।** भारत का संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है। यह बुनियादी और सबसे बड़ा कानून है जो सरकार का ढांचा बनाता है, सरकारी संस्थाओं की शक्तियों और कर्तव्यों को बताता है, और नागरिकों के बुनियादी अधिकारों और कर्तव्यों को तय करता है। बाकी सभी कानूनों को संविधान के मुताबिक होना चाहिए। यह बात सीआर लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल कृष्ण कुमार काजल ने ह्युमन राइट्स फाउंडेशन फोर जस्टिस की लॉ एंड प्रोटेक्शन पुस्तक का विमोचन करते हुए कही। इस पुस्तक का संपादन फाउंडेशन के प्रधान एडवोकेट जिले सिंह कांटीवाल ने किया है। इस अवसर पर फाउंडेशन के महासचिव शेर सिंह, सचिव रतन कुमार आर्य, उपप्रधान राजपाल खेड़ा, कोषाध्यक्ष सज्जन कुमार डोकवाल, अंबेडकर सभा के पूर्व प्रधान विजेंद्र सभ्रवाल मौजूद रहे।

#### जेसीआई हांसी फोर्ट ने स्वास्थ्य जांच शिविर

**हांसी।** सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार तथा जेसीआई हांसी फोर्ट द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम राजेश खोथ ने रिबन काट कर शिविर का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य जांच शिविर में 228 लोगों ने विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच करवाईं। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी और जरूरतमंद मरीजों को आगे के उपचार के लिए भी मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में डॉ. निधि महाजन, डॉ. स्निग्धा, डॉ. ऋषभ व डॉक्टर आसिफ ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर जेसीआई फोर्ट हांसी के प्रधान सर्वेश सैनी, नरेश यादव, रविदास सभा के प्रधान रामलाल, नरेंद्र भयाना, अशोक कनौजिया, श्याम खाण्डा, अभय राम अल्हाण आदि मौजूद रहे।



**हिसार।** संविधान दिवस पर शपथ लेते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### महाबीर स्टेडियम में दिलाई शपथ

**हिसार।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में महाबीर स्टेडियम में जिला खेल कार्यालय तथा मेरा युवा भारत केंद्र की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संविधान के प्रति शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी नरेश सैनी ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे राष्ट्रीय जीवन का आधार है। 26 नवम्बर 1949 को इसे अंगीकार कर राष्ट्र ने ऐसे भविष्य की नींव रखी जिसमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान ने देश के नागरिकों को ऐसे अधिकार दिए हैं जो किसी भी जीवंत लोकतंत्र की मूल शर्तें हैं। इस मौके पर हरमेश चन्द्र, आजाद हिन्द युवा क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य, प्रोमिल आर्य, कृष्ण मलिक, रमेश सिंह कोच विकास, नरेश मलिक, संजय सिंह, कुलदीप, अंकित, शशी, कृष्ण, मनजीत, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।




**आदमपुर।** कृष्ण प्रणामी स्कूल में कार्यक्रम में अव्वल रहने वाले विद्यार्थी व स्टाफ।

#### श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल में शपथ ली

**आदमपुर।** श्री कृष्ण प्रणामी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संविधान दिवस बड़े हर्ष एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के सरोजनी नायडू हाउस और उनके प्रभारी प्रोमिला बिश्नोई ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संविधान की प्रस्तावना की शपथ के साथ हुआ, जिसमे सभी बच्चों और स्टाफ सदस्यों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली। कार्यक्रम में क्विज, भाषण, कविता और पोस्टर मेकिंग आयोजन में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षकों ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए संविधान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य धर्म पाल पनिहार, विद्यालय के प्रशासक पंकज मक्कड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

#### लघु सचिवायल में संविधान की प्रस्तावना का वाचन

**हिसार।** लघु सचिवालय में अधिकारियों व कर्मचारियों ने बुधवार को संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। राष्ट्रीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व के सबसे विस्तृत और सुदृढ़ संविधानों में से एक है। संविधान सिर्फ एक कानून की किताब नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की आत्मा है। इसमें निहित मूल्यों को अपनाना हमारा नैतिक दायित्व है। नागरिक तभी सशक्त बनते हैं जब वे अपने अधिकारों को जानने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी निभाते हैं।



**हिसार।** संविधान दिवस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

---

# कनोह डबल मर्डर मामले में चार दोषियों को को उम्रकैद

- मुख्य दोषी की पत्नी तलाक देकर रहने लगी थी दूसरे व्यक्ति के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

करीब अढ़ाई साल पहले के बहुचर्चित कनोह डबल मर्डर मामले में अदालत ने चार दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। हर दोषी पर साढ़े 22 हजार रुपये के हिसाब से जुर्माना भी लगाया गया है। दोषियों में जसबीर उर्फ काला, रूपचंद, मनदीप व कुलवंत शामिल है। अदालत ने उन्हें गत बुधवार को हत्या, शव खुर्द-बुर्द करने और आपराधिक षडयंत्र रचने का दोषी मानकर सजा सुनाई है। अदालत में चले मामले के अनुसार इस संबंध में 3 मई 2023 को केस दर्ज किया था। तब रंजिश के चलते गांव कनोह के रामचन्द्र और उसकी पत्नी रेणू की बेरहमी से हत्या की गई थी। वारदात वाले दिन गांव कनोह के जगबीर ने पुलिस को बयान देकर बताया था कि हम तीनों में सबसे बड़ा भाई कृष्ण कुमार नहरी पटवारी है, जबकि मैं और छोटा भाई रामचन्द्र खेती-बाड़ी का काम करते हैं। हम तीनों भाइयों की अलग-अलग ढाणी हैं और गांव वाले घर पर हमारी माता रहती है। जगबीर के अनुसार लगभग छह महीने पहले उसके भाई रामचन्द्र ने गांव के ही जसबीर उर्फ काला हलवाई की तलाकशुदा पत्नी रेणू से विवाह किया था। इसी बात को लेकर जसबीर और उसका परिवार हमसे रंजिश रखने लगा और जसबीर कई बार खुलेआम रामचन्द्र व रेणू को जान से मारने की धमकी भी दे चुका था।




**हांसी।** क्रीडा ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल प्राचार्या को ट्राफी प्रदान करते आयोजन समिति सदस्य।

### एसडी मॉडर्न स्कूल का क्रीडा ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने क्रीडा भारती द्वारा राजकीय मॉडर्न संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित क्रीडा ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में विभिन्न स्कूलों से आए 15000 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें एसडी मॉडर्न स्कूल के 600 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल स्तर पर आयोजित परीक्षा में मोहित सैनी, दीपिका व अर्पित सिंह क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। वहीं मोहित सैनी ने जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। सम्मान समारोह में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से डॉ. प्रताप सिंह मलिक, प्रान्त मंत्री अजमेर उपाध्याय, डॉ किताब सिंह पुनिया, क्रीडा केंद्र प्रमुख सतीश निर्भय और विभाग संयोजक डॉ सुरेन्द्र मलिक व प्राचार्य राजेश बढ़ाना ने विजेता विद्यार्थियों को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्या ऋतु सिंह, प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चन्द्रभान गर्ग और सैक्रेटरी रजत अग्रवाल ने विजेता विद्यार्थियों की प्रशंसा की।

# चौ. भजनलाल की स्मृति में पुस्तकालय की घोषणा

- धूमधाम से मनाया कन्या गुरुकुल डोभी का वार्षिक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कन्या गुरुकुल डोभी का 15वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दो दिवसीय आयोजन में विभिन्न कार्यक्रम किए गए। गुरुकुल की छात्राओं ने योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता हलका नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने की। कार्यक्रम में आर्य जगत के भजनोपदेशक महाशय जयपाल, आचार्या अमृता आर्या ने भजनों द्वारा राष्ट्र व गुरुकुलीय शिक्षा की अनिवार्यता पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलदीप बिश्नोई ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भजन लाल की स्मृति में सुसज्जित भव्य पुस्तकालय के निर्माण की घोषणा की जबकि पूर्व विधायक रेणुका बिश्नोई ने कन्या गुरुकुल डोभी की छात्राओं को स्वेटर भेंट की। इस दौरान गुरुकुल आर्यनगर, गुरुकुल धीरणवास, गुरुकुल मताना व कन्या गुरुकुल घिराय के बच्चों ने हिस्सा लिया। गांव के सरपंच आजाद सिंह हिन्दुस्तानी, पूर्व सरपंच जयबीर गिल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



**हिसार।** योग क्रियाओं का प्रदर्शन करती छात्राएं।



**हांसी।** दुकानों के बाहर लटकाएं गए सामान को उतारने का निर्देश देते एसडीएम राजेश खोथ।

### हांसी में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

**हांसी।** हांसी में सड़कों पर लगने वाले व दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण से मुक्त करवाने को लेकर एसडीएम राजेश खोथ ने बुधवार को लगातार तीसरे दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व एसडीएम राजेश खोथ ने किया, जिसमें नगर परिषद व एसडीएम कार्यालय के कर्मचारियों की टीम भी शामिल थी। अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत बस स्टैंड के साथ पालिका बाजार से किया गया जहां दुकानदारों द्वारा बरामदे व उसके बाहर किए गए अतिक्रमण का हटाया गया और दुकानों के बाहर रखे सामान को टीम द्वारा जब्त कर साथ चल रही ट्रैक्टर ट्राली में डालकर कर नगर परिषद कार्यालय ले जाया गया।

# वार्ड 4 में बरसाती नाला निर्माण में अफसरों पर वादाखिलाफी का आरोप

- समस्या का समाधान नहीं होने पर धरने-प्रदर्शन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वार्ड 4 मोहल्ला सैनियान में शीतला माता मंदिर चौक से पुरानी सब्जी मंडी चौक तक बरसाती नाला निर्माण को लेकर वार्डवासियों ने जनस्वास्थ्य विभाग पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। इससे यह विवाद गहराता जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे। स्थानीय निवासियों और आकार वेलफेयर सोसायटी ने जन स्वास्थ्य विभाग पर आरोप लगाया है कि विभाग ने नाला निर्माण का आश्वासन दिया था लेकिन अब अधिकारी इस काम को आगे नहीं बढ़ा रहे। मोहल्ले की करीब 40-50 वर्षों पुरानी जन समस्या बरसाती पानी की निकासी के समाधान के लिए 17 नवंबर को सोसायटी का प्रतिनिधिमंडल जन स्वास्थ्य विभाग के एसई से मिला था और अधूरे पड़े नाले तथा विभागीय लापरवाही पर आपत्ति दर्ज कराई थी।



**हिसार।** जनस्वास्थ्य विभाग के एसई से मिलते सोसायटी प्रतिनिधिमंडल व वार्डवासी।

#### हनुमान मंदिर में गीता ज्ञान सत्संग 29 से

**हिसार।** गीता जयंती (मोक्षदा एकादशी) के अवसर पर सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट के प्रांगण में 29 नवम्बर से एक दिसम्बर तक त्रिदिवसीय गीता ज्ञान सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रीधाम वृंदावन से संत गोपीराम महाराज के सान्निध्य में श्रीमद् भगवत गीता पर सारगर्भित प्रवचन, भजन कीर्तन एवं गीता जी का मूल सामूहिक पाठ किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के सचिव मधुसूदन गुप्ता व संयोजक बृजमोहन डालमिया ने बताया कि 29 व 30 नवम्बर को दोपहर बाद 3 बजे से सायं 6 बजे तक सत्संग व भजन-कीर्तन का कार्यक्रम होगा।

#### श्री मालिनाथ दिगम्बर जैन छोटा मंदिर में कार्यक्रम कल

**हिसार।** श्री मालिनाथ दिगम्बर जैन छोटा मंदिर, गांधी चौक में पहली बार 1008 श्री मालिननाथ भगवान का जन्म कल्याणक महामहोत्सव एवं श्री महावीराष्टक स्तोत्र बीजाक्षर विधान का भव्य आयोजन 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री विरंजन सागर जी महाराज की पावन प्रेरणा से किया जाएगा। श्री मालिनाथ दिगम्बर जैन छोटा मंदिर के अध्यक्ष राकेश जैन बिट्टू ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 28 नवंबर की सुबह 6:15 बजे अभिषेक, शांतिधारा, जलाभिषेक, पुष्पांजलि एवं मंगल घोषणा के साथ होगा।

---

### लुवास में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का सफल आयोजन, गुणवत्ता पर जोर

# नई चुनौतियों और अवसरों के दौर से गुजर रहा डेयरी उद्योग

**कुलपति बोले, भारत डेयरी क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के कॉलेज ऑफ डेयरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय दुग्ध दिवस हमें डॉ. कुरियन के उस महान दृष्टिकोण की याद दिलाता है, जिसने भारत को डेयरी क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश बनाया। उन्होंने कहा कि आज के समय में डेयरी उद्योग नई चुनौतियों और अवसरों के दौर से गुजर रहा है और युवा डेयरी तकनीकी विशेषज्ञों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। कुलपति ने कहा कि आज डेयरी टेक्नोक्रैट्स के सामने सबसे बड़ी चुनौती दूध उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ डेयरी किसानों को पूरी तरह मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ना है। इसके लिए हमें स्मार्ट तकनीकों का अधिकतम उपयोग करना होगा। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र स्वयंसेवकों द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर डॉ. संजय यादव, विभागाध्यक्ष, डेयरी टेक्नोलॉजी विभाग, ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।



**हिसार।** कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

#### डॉ. सुनील बिश्नोई ने प्रस्तुत किया तकनीकी व्याख्यान

*अधिष्ठाता, कॉलेज ऑफ डेयरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी डॉ. शरणगौड़ा बी. पाटिल ने अपने उद्बोधन में वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को अपनाने, गुणवत्ता आश्वासन को मजबूत करने तथा नियामकीय अनुपालन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एफएसएसएआई, नई दिल्ली के विज्ञान एवं मानक प्रभाग के तकनीकी अधिकारी डॉ. सुनील बिश्नोई द्वारा प्रस्तुत तकनीकी व्याख्यान रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना व अन्य अधिकारी व विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।*

**न्यायालय सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी फतेहाबाद जिला फतेहाबाद**

निर्मल सिंह पुत्र बलविन्द सिंह पुत्र दरबारा सिंह निवासी ढाणी मसीता वाली तहसील वा जिला फतेहाबाद। ...**प्रार्थी**

1- श्रीमति सावित्री पत्नी शेर सिंह पुत्र चेतराम निवासीया फतेहाबाद जिला फतेहाबाद 2- राजबीर पुत्र राम सरूप पुत्र गोपी राम निवासी भुथन कलां तहसील वा जिला फतेहाबाद।

दरखास्त बराये तकसीम बाबत भूमि खेवट 268 खतौनी नम्बर 430 किता 4 रकबा तादादी 23 कनाल 6 मरला जमाबन्दी साल 2018-2019 वा इन्तकाल नम्बर 17313 वा 17439 वाक्या मौजा फतेहाबाद तहसील वा जिला फतेहाबाद।

प्रार्थी ने उपरोक्त शीर्षक दरखास्त दायर करके प्रार्थना की है कि उपरोक्त अराजी की तकसीम नियम अनुसार की जावे। अदालत द्वारा कई बार उतरवादीगण को तलब करने के लिये सम्मन जारी किये लेकिन उतरवादीगण जानबूझ कर तामिल करने से बच रहे है और अदालत को यकीन हो चुका है कि उतरवादीगण की साधारण तरीका से तामिल ना हो सकती है। अतः इस विज्ञापन द्वारा उतरवारदीगण को सूचित किया जाता है कि वे दिनाक 29-12-2025 को इस न्यायालय मे असालतन या वकालतन पेश होकर जवाबदेही करे वरना एक तरफा कारवाई अमल मे लाई जावेगी। यह आदेश आज दिनाक 24-11-2025 को इस न्यायालय की मोहर वा मेरे हस्ताक्षर सहित जारी किया गया है।

**-सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी फतेहाबाद**

## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**रानियां।** रानियां में एंटी नारकोटिक्स सेल स्टाफ ने एक व्यक्ति को 9 ग्राम 07 मिलीग्राम हैरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वार्ड नंबर 8 स्थित एक शराब ठेके के पास की गई। पुलिस की टीम द्वारा पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है, उसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एएनसी स्टाफ की टीम सुल्तानपुरियां गांव की ओर जा रही थी। इसी दौरान वार्ड नंबर 8 के पास सडक के बांई ओर से एक व्यक्ति आता दिखा। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को काबू कर लिया।

### विवाहिता 6 साल के बच्चे सहित लापता

**सिरसा।** शहर से 29 वर्षीय विवाहिता 6 साल के बच्चे सहित मिसिंग होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में शहर की एक कॉलोनी के प्रदीप कुमार ने बताया कि उसकी शादी 9 साल पहले हुई थी। उसका एक 6 साल का बेटा है। शनिवार दोपहर को उसकी पत्नी अस्पताल से दवा लेकर आने का कहकर घर से गई थी। अब तक वह घर नहीं लौटी है। उसने अपनी सभी रिश्तेदारी व आसपास में अपनी पत्नी का पता किया, पर कोई सुराग नहीं लगा। विवाहिता का मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है।

### मुनाफे का झांसा देकर लगाई 40 हजार की चपत

**सिरसा।** सिरसा साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की एक टीम ने यूएसडीटी के जरिए 40 हजार रुपए के साइबर फ्रॉड को अंजाम देने वाले आरोपी को फाजिल्का पंजाब से काबू किया है। साइबर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि सिरसा निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 24 जुलाई 2025 को उसके मोबाइल पर मैसेज आया कि आप हमारी कंपनी के साथ जुडकर वर्क फ्रॉम होम के जरिए कम समय में मोटा मुनाफा कमा सकते हो। इस पर पीड़ित वअपराधियों के झांसे में आ गया और मोबाइल फोन के जरिए 40 हजार रुपए का इंवेस्टमेंट कर दिया।

### दो युवक 07.23 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**डबवाली।** एएनसी डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान रामबाग क्षेत्र से दो युवकों को 7.23 ग्राम हैरोइन सहित काबू किया है। एएनसी डबवाली प्रभारी एएसआई रणजोध सिंह ने बताया कि एएसआई गुरसेवक सिंह पुलिस टीमके साथ गश्त के दौरान रामबाग फाटक डबवाली पर नाकाबंदी के दौरान मौजूद थे। इस दौरान उन्हें रामबाग की सामने वाली गली गांधी कॉलोनी की ओर से एक इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए।

### मिशन बुनियाद व हरियाणा सुपर-100 कैंपेन आयोजित

**रतिया।** शिक्षा विभाग द्वारा मिशन बुनियाद और हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम के लिये जागरूकता अभियान के तहत रतिया के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह में एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एसडीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार के मिशन बुनियाद और हरियाणा सुपर-100 कार्यक्रम से विद्यार्थियों के भविष्य की नींव मजबूत होगी।

### 87 ग्राम हेरोइन व एक किलो चूरापोस्त बरामद

**सिरसा।** एवीबीटी स्टाफ सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान दशहरा पार्क चतरगढ पट्टी सिरसा क्षेत्र से एक युवक को लाखों 41 ग्राम 87 मिलीग्राम हैरोइन व एक किलो 106 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। एवीबीटी सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुरमेश ने बताया कि एवीबीटी स्टाफ सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान भ्रमण शाह चौक सिरसा से होते हुए दशहरा पार्क चतरगढ पट्टी की ओरजा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब दशहरा पार्क के पास पहुंची तो पार्क में एक युवक प्लास्टिक का गट्टा लिए हुए खड़ा दिखाई दिया।

## जिलेभर में धूमधाम ने मनाया संविधान दिवस

# संविधान में कोई छोटा-बड़ा नहीं, राष्ट्र ध्वज का सम्मान सभी का कर्तव्य : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ उपायुक्त ने अधिकारियों को दिलाई संविधान के प्रति सत्य व निष्ठा की शपथ

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय के सभागार में बुधवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को भारतीय संविधान के प्रति सत्य व कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी संविधान दिवस पर ली गई शपथ को अपने दायित्व निर्वहन के समय सार्थक करते हुए बिना किसी भेदभाव व निष्पक्ष भाव से कार्य करें। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि भारतीय संविधान की विशेषता है कि देश के सभी नागरिकों को बराबर के अधिकार मिले हैं, संविधान के अनुसार कोई भी नागरिक छोटा या बड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। इसी प्रकार से संविधान के अनुसार कार्य करना हम सभी का परम कत्र्तव्य है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान देश को संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए अपने समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा व समता का अवसर प्रदान करता है। भारतीय संविधान समता, न्याय व समरसता का प्रतीक है। उहोंने कहा कि संविधान में दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं। भारतीय संविधान में सभी धर्म और जाति वर्ग के लोगों को एक नजर से देखा गया है। किसी के साथ कोई भी भेदभाव नहीं किया गया है। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है जोकि लचीला और कठोर भी है। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए यह गर्व का दिन है। देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम लोग इस उत्सव को पूरे जोश के साथ मनाएं।



फतेहाबाद। संविधान दिवस पर अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान के प्रति शपथ दिलाते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि



फतेहाबाद। संगोष्ठी में भाग लेते भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम ने संविधान दिवस पर मताना स्कूल में दिलवाई संविधान की शपथ

**फतेहाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मताना में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को भारतीय संविधान के प्रति अपनी निष्ठा और श्रद्धा प्रकट करने के लिए शपथ दिलवाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम राजेश कुमार रहे, जिन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठ करवाया और उन्हें संविधान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और उसकी विविधता में एकता को समझाते हुए संविधान के अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान न केवल हमारे अधिकारों का संरक्षक है, बल्कि यह हमारे कर्तव्यों को निभाने की भी दिशा प्रदान करता है। हमें इसे सम्मान देना चाहिए और इसके तहत दिए गए अधिकारों का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना को पूरी निष्ठा के साथ पढ़ा और शपथ ली कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे और भारतीय संविधान की रक्षा करेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिससे सभी उपस्थित लोग एकजुट होकर संविधान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त किए।

### भारतीय संविधान दुनिया के सबसे व्यापक और प्रगतिशील संविधानों में से एकः ग्रोहा

**फतेहाबाद।** भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय में विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, जगदीश शर्मा, विक्रम शर्मा, साकेत गर्ग, पूनम सिंगला, राधेश्याम झाझाड़ा, बिट्टू गुज्जर, जगदीप मोंगा, इंद्राज मोगा, सोनू और विजय जांगड़ा ने संविधान दिवस पर अपने विचार सांझे किए। भाजपा नेताओं ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया के सबसे व्यापक और प्रगतिशील संविधानों में से एक है, जिसने देश को लोकतांत्रिक मूल्यों पर मजबूत आधार दिया है। संविधान सिर्फ कानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि यह देश के हर नागरिक के अधिकारों, कर्तव्यों और समानता की गारंटी है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हर नागरिक संविधान की रक्षा और सम्मान के लिए सदैव सजग रहे। संविधान की मर्यादा बनाए रखना हर भारतीय का दायित्व है और किसी भी प्रकार के आघात के सामने देश को एकजुट होकर खड़ा होना होगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने संविधान की मूल भावना को सशक्त करते हुए देश में सुशासन, पारदर्शिता और विकास को नई दिशा दी है।

### भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार देने वाला संविधान : एसडीएम



**रतिया।** संविधान के 76 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपमंडल स्तर पर राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। एसडीएम ने संविधान के रचनाकार डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संविधान न केवल भारत को एक सशक्त लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाता है, बल्कि यह भारत के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार देने वाला संविधान है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस का उद्देश्य देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है। 26 नवंबर का दिन देश में राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। एसडीएम ने भारतीय संविधान के महत्व पर संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान भारत का सर्वोच्च विधि ग्रंथ है। यह लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता, और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों को सुनिश्चित करता है। एसडीएम ने संविधान दिवस कार्यक्रम में नागरिकों, कर्मचारियों व छात्राओं को भारतीय संविधान की पालना करने के लिए शपथ ग्रहण करवाई गई।

### राजकीय महिला महाविद्यालय में संविधान के प्रति श्रद्धा और पूर्ण पालन की शपथ दिलाई



**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय, सिरसा में प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह की अध्यक्षता तथा एन.एस.एस. समिति की प्रभारी डॉ. प्रीत कौर व लोक प्रशासन विभाग के प्रभारी मुकेश कुमार के संयोजन में संविधान दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता डॉ. कपिल कुमार सैनी ने बताया कि संविधान दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा, निष्ठा और पूर्ण पालन की शपथ दिलाई गई, जिससे प्रत्येक उपस्थित व्यक्ति के हृदय में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान और दायित्वबोध की भावना दृढ़ हो उठी। कार्यक्रम के अध्यक्ष व प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने कहा कि हमारा संविधान केवल कानूनों का दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों, समानता, स्वतंत्रता और न्याय की आधारशिला है। यह प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। सहायक प्रो. मुकेश कुमार ने संविधान दिवस के संदर्भ में व्याख्यान दिया।

## पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

# ऑनलाइन खरीदारी के दौरान सस्ते ऑफर के झांसे में न आएं : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



एसपी सिद्धांत जैन।

जिले में बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड मामलों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देश पर साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस ने चेतावनी दी कि ऑनलाइन खरीदारी के दौरान अनजान वेबसाइट, फर्जी लिंक और अत्यधिक सस्ते ऑफर के झांसे में न आएं।ओएलएक्स, क्विकर और सोशल मीडिया पर खुद को आर्मी पर्सन या सरकारी कर्मचारी बताकर ठगी करना साइबर अपराधियों का नया तरीका बन गया है। पुलिस ने कहा कि खरीदारी से पहले हमेशा वेबसाइट के URL की जांच करें और केवल HTTPS पोर्टल का ही उपयोग करें। बैंक डिटेल, OTP या UPI लिंक किसी के साथ साझा न करें।कस्टमर केयर बनकर भेजे गए नकली UPI लिंक से भी सावधान रहने की सलाह दी गई है। ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई है, ताकि राशि की रिकवरी की संभावना बढ़ सके।

# भारतीय संविधान में विश्वभर की अच्छाई के साथ ज्ञान और परंपराओं का समावेशः चौहान

■ संविधान निर्माण की प्रक्रिया में विश्वभर से अच्छी बातें ली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। संविधान की शपथ लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हमें अपने संविधान के निहित मूल्यों एवं सिद्धांतों को जीवन में उतारना होगा। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण की प्रक्रिया में विश्वभर से अनेक अच्छी बातें ली की गई हैं मगर इसका मूल आधार भारतीय ज्ञान और परंपराओं को ही बनाया गया है। संविधान के हर विचार, पहलू और कानून में हमारी वर्षों पुरानी संस्कृति की झलक दिखाई देती है। डॉ. चौहान सिरसा के पंचायत भवन में हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी व जिला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय ने सिरसा में आयोजित कार्यक्रम को अपने लाइव प्रसारण से जोड़कर विभिन्न राज्यों में प्रसारित किया। इस लाइव कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान, जिला परिषद के सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र, नगर परिषद सिरसा के चेयरमैन शांति स्वरूप, राज्य पंचायत संसाधन केंद्र, नीलोखेड़ी की विशेषज्ञ डॉ. नीलम छिकारा, डिंग की सरपंच नीतू पचार, मोनिका गोदारा ने विचार रखे।

# क्रेसंट स्कूल में 'संविधान का सम्मान-राष्ट्र का अभिमान' पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

■ धूमधाम से मनाया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

क्रेसंट स्कूल में 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' थीम के साथ संविधान दिवस अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण सुबह से ही अनुशासन, जागरूकता एवं उल्लास के रंगों से भर उठा। विशेष प्रार्थना सभा में जय श्री व लोकिता के मंच संचालन में नक्श मेहता ने 'यदि आप जुनूनी हैं तो हर काम आसान है, और यदि आलसी हैं तो हर काम कठिन है' सुविचार का बड़े ही आत्मविश्वास व सुंदर अभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुतीकरण दिया। चेरिश व दक्ष ने 'नियम पुस्तिका हमें सिखाती, सही राह, सही चाल' कविता का सस्वर वाचन करते हुए यह संदेश दिया कि भारत का संविधान ही हमारी आचरण-पुस्तिका है। भव्य, समीहा, हार्दिक, अनुष्का, अरमान व सूर्यवीर ने समानता, स्वतंत्रता, धर्म की स्वतंत्रता तथा सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक अधिकार आदि पर अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का ध्यान खींचा।

## ऑपरेशन जीवन ज्योति

# डॉग स्क्वाड व विशेष टीमों ने ली व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी



सर्च अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर जिला पुलिस द्वारा ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत बुधवार सुबह गांव एमपी सोत्र और बडोपल क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार यह अभियान चलाया गया। डीएसपी मुख्यालय एवं क्राइम कुलवंत सिंह के नेतृत्व में थाना सदर फतेहाबाद के गांव बड़ोपल में डॉग स्क्वाड, स्वैट टीम और कमांडो यूनिट के साथ तडक़े ही सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। बाजारों से लेकर संवेदनशील स्थानों तक पुलिस ने हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी। डॉग स्क्वाड के प्रशिक्षित डॉग जैक और रैम्बो ने कई जगहों पर बड़ी कुशलता से तलाशी अभियान को सफल बनाया। इसके अलावा भूना के गांव एमपी सोत्र क्षेत्र में भी डॉग स्क्वाड और विशेष टीमों के सहयोग से कई व्यक्तियों और वाहनों की विस्तृत तलाशी ली गई।

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति टीम ने रतिया शहर में 2 ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग कर दी औषधियां

**रतिया।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस द्वारा जनजागरूकता और पुनर्वास की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने रतिया शहर के वार्ड नं. 4 व 5 का दौरा किया। टीम ने नशे की चपेट में आए युवाओं और नागरिकों से मुलाकात कर उन्हें पुनर्वास एवं नशामुक्त जीवन की ओर लौटने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान रतिया शहर के वार्ड नं. 4 व 5 के 2 ड्रग पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। सभी की काउंसलिंग की गई और उनकी मानसिक एवं शारीरिक स्थिति के अनुसार आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक औषधियां उपलब्ध कराई गई। नशा मुक्ति टीम ने वार्डों की गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर आम नागरिकों से भी संवाद किया।

### 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' विषय पर कार्यक्रम, किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन

**टोहाना।** एसडीएम आकाश शर्मा ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर कार्यक्रम आयोजित कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया। भारत के संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि भारत का संविधान हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों का आधार है। यह हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है और एक बेहतर समाज के निर्माण की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करता है। संविधान के वर्षों की यह यात्रा हमारे देश की विविधता, एकता और लोकतांत्रिक उपलब्धियों का प्रतीक है। उन्होंने कहा संविधान ने न केवल हमें अधिकार दिए हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

### सहारा एक उम्मीद ने संस्थाओं के साथ मिलकर 38वीं कन्या का भरा भात

**भट्टूकलां।** जहां मिलकर हाथ बढ़े, वहां सुख-समृद्धि छाए, भात भरे जब संग सभी, मंगल गीत सुहाए, गांव की हल्की हवा में घुली शहनाइयों की मधुर धुन के बीच मनजीत महंत के घर आज खुशी का एक ऐसा पल साकार हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र में सामाजिक एकता और भाईचारे की मिसाल कायम कर दी। उनकी बेटी की शादी में भात भरने की रस्म मोहब्बत और मानवता से भरी उस साझी परंपरा की तरह सम्पन्न हुई, जिसे निभाने के लिए पूरा समाज एकजुट होकर आगे आया। भात भरने के इस अवसर पर सहारा 'एक उम्मीद' संस्था, खुशी नई उम्मीद संस्था और सरपंच भट्टू मंडी ने मिलकर न सिर्फ रस्म को सम्पन्न करवाया, बल्कि यह भी साबित किया कि यदि मन में सेवा की भावना हो तो किसी भी परिवार की खुशी में कमी नहीं रहने दी जा सकती।

### गीता महोत्सव 2025: 01 दिसंबर को सिरसा के 11 हजार विद्यार्थी करेंगे ऑनलाइन श्लोक उच्चारण

**सिरसा।** गीता महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में जिला सिरसा एक विशेष कार्यक्रम का गवाह बनने जा रहा है। एक दिसंबर को दोपहर 12:00 बजे जिले के विभिन्न विद्यालयों के 11 हजार विद्यार्थी एक साथ ऑनलाइन माध्यम से 'वैश्विक श्लोक चरण' करेंगे। यह कार्यक्रम न सिर्फ सांस्कृतिक समृद्धि का परिचायक होगा बल्कि अध्यात्म, शिक्षा और तकनीक का अद्भुत संगम भी प्रदर्शित करेगा। इस आयोजन को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से जोर-शोर से तैयारियां जारी हैं। इस विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं कर रही हैं, जबकि जिला नोडल अधिकारी एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झोरडनाली के प्रिंसिपल प्रदीप मदान पूरे आयोजन की मॉनिटरिंग और तैयारी की देखरेख कर रहे हैं।

### ठंड और कोहरे के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने 77 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाकर किया जागरूक

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा निर्देशानुसार जिला के यातायात थाना प्रभारी प्रदीप कुमार व उनकी टीम ने ठंड व कोहरे के मद्देनजर शहर में बुधवार को 77 वाहनों को रिफ्लेक्टर लगाकर लोगों को यातायात नियमों बारे विस्तार से जानकारी दी। यातायात थाना प्रभारी ने सभी वाहनों चालकों से अपील करते हुए कहा कि अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगे और दूसरों को भी रिफ्लेक्टर लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सर्दी बढने के साथ ही सुबह और रात को कोहरे के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों से अतिरिक्त सावधानी बरतने और यातायात के नियमों पर पूरी तरह से ध्यान रखकर वाहन चलाने की हिदायत दी है, ताकि लोग सुरक्षित सफर कर सकें और किसी भी प्रकार की सडक़ दुर्घटना की पुनरावृति न हो पाए।

### शिवलिंग हटाने के विरोध में धरना चौथे दिन भी जारी

**सिरसा।** शिवपुरी रोड स्थित श्री गौशाला परिसर में प्राचीन शिव मंदिर में लगे शिवलिंग को हटाने के विरोध में श्रद्धालुओं द्वारा दिया जा रहा धरना बुधवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गया। शिव मंदिर बनाने वाले परिवार के सदस्यों ने भगवान शिव के अन्य श्रद्धालुओं के साथ शिवपुरी प्रांगण में धरना दिया व शिवपुरी प्रबंधन पर आरोप लगाए। शिवलिंग हटाने के घिनौने कृत्य के खिलाफ लोगों ने हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जिसमें एक हजार लोगों ने हस्ताक्षर किए। साहुवाला गांव निवासी हरपत राय ने 103 साल पहले श्री गौशाला में शिव मंदिर बनाया था। इसमें शिवलिंग की भी स्थापना की गई थी। हरपत राय के पौत्र भवानी शंकर ने कहा कि यहां शिव मंदिर से शिवलिंग को हटाकर अन्यत्र स्थापित किया जा रहा है जिसका सभी श्रद्धालुओं में आक्रोश है। श्रद्धालुओं ने बताया कि प्रबंधन द्वारा शिव मंदिर को भव्य बनाने की बात की जा रही है। हम इसका कोई विरोध नहीं कर रहे।

## कार्यक्रम | गांव बाजेका में सांसद खेल महोत्सव में पहुंचे स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री

कबड्डी प्रतियोगिता की टीमों के खिलाड़ियों के परिचय कर किया खेल का शुभारंभ

# सांसद खेल महोत्सव खिलाड़ियों को दे रहा प्रतिभा दिखाने का अवसरः गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में सांसद खेल महोत्सव का सफल आयोजन हो रहा है। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान कर रहा है।

यह बात लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बुधवार को गांव बाजेका में सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर कही। कैबिनेट मंत्री ने मशाल प्रज्वलित कर संसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता की टीमों के खिलाड़ियों के परिचय कर प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया गया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का पगड़ी पहनाकर व शॉल भेंट कर स्वागत किया व स्मृति चिन्ह के तौर पर गदा व तलवार भी भेंट की गई।



सिरसा। सांसद खेल उत्सव के दौरान मशाल प्रज्वलित करते हुए मंत्री रणबीर सिंह गंगवा। फोटो : हरिभूमि

### खेल से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि जिस प्रकार योग्यता के आधार बिना पर्ची व खर्ची के युवाओं को सरकारी नौकरी मिल रही है, ऐसी ही पारदर्शिता खेलों में भी लागू की गई है। जो प्रतिभावान खिलाड़ी होगा और बेहतर खेल प्रदर्शन करेगा उसे आगे बढने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि यह सांसद खेल महोत्सव युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर दे रहा है। भाजपा के प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य तथा सांसद खेल महोत्सव के संजोयक अमन चौपड़ा ने भी संबोधित करते हुए युवाओं को खेल से जुडने के लिए प्रेरित किया और सांसद खेल महोत्सव की जानकारी भी दी। इस अवसर पर चेयरमैन वेद फुला, सरपंच कुलवीर कौर, जिला महामंत्री हनुमान कुंडू व अंबर कुमार, शीशपाल कंबोज, रोहताश जांगड़ा, प्रदीप रातुसरिया, रत्नलाल बामनिया, भूपेश मेहता, मनीष सिंगला, इंद्रपाल जांगड़ा, विजय, डॉ. सागर केहरवाला, भूपेंद्र खट्टर, सतपाल, छगगन सिंह, पार्षद सुमन शर्मा, बिमला सिंवर, सतपाल, लाल सिंह राठौर, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र सहित खिलाड़ी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।